UNIVERSITY NEWS 30 OCTOBER 2026

TOI

LU odd-sem exams now from Nov 17

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University (LU) has rescheduled its odd-semester examinations, which will now begin on Nov 17 instead of Nov 13.

The university's earlier tentative datesheet scheduled examinations from Nov



13, with papers on all days except Sunday. Students had raised concerns as many travel to their hometowns to celebrate the four-day Chhath Puja with their families.

LU officials said many students visit their hometowns during the festival, making it difficult for them to appear for examinations. The university reviewed their concerns and revised the schedule.

LU completes hostel allotment

Lucknow University has completed the allotment of all 2,948 approved seats across its 17 hostels. LU spokesperson Mukul Srivastava said, "The hostel allotment process followed prescribed rules, merit, reservation provisions and seat availability." Further, the drinking water samples tested by a govt institution have been found suitable for consumption, according to the university administration.

DAINIK JAGRAN

छात्रवृत्ति सत्यापन के लिए उमड़ी भीड़

लखनऊ : छात्रवृत्ति पाने की उम्मीद में लखनऊ विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू कार्यालय पहुंच रहे विद्यार्थियों को इन दिनों बायोमीट्रिक सत्यापन के लिए लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ रहा है। सुबह से ही बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अपनी बारी का इंतजार करने पहुंच रहे हैं। घंटों खड़े रहने की परेशानी को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने कार्यालय के बाहर कुर्सियों की व्यवस्था की है, जिससे विद्यार्थियों को कुछ राहत मिली है। इस बीच कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने डीएसडब्ल्यू कार्यालय का औचक निरीक्षण कर सत्यापन कार्य का जायजा लिया। उन्होंने लाइन में खड़े विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं और अधिकारियों को व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। वि.

लविवि के छात्रावास की सभी 2,948 सीटें आवंटित

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के 17 छात्रावासों की सभी 2,948 स्वीकृत सीटों का आवंटन पूरा हो गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, आवंटन प्रक्रिया मेरिट, आरक्षण व्यवस्था और सीटों की उपलब्धता के आधार पर की गई है। कुछ कमरों में मरम्मत कार्य के कारण उनका आवासीय उपयोग नहीं किया जा रहा है। वहीं, सितंबर और अक्टूबर में विभिन्न छात्रावासों के वाटर कूलरों से लिए गए नमूनों पेयजल की गुणवत्ता को लेकर राज्य स्वास्थ्य संस्थान से जांच कराई गई। उपलब्ध जांच रिपोर्टों में सभी नमूने पेयजल के लिए उपयुक्त पाए गए हैं। द्वितीय परिसर की मुख्य पानी की टंकी में जलशोधन यंत्र भी लगाया गया है। वि.

लवि : स्थापना दिवस 25 नवंबर को, समारोह के लिए बनी समिति

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय 106वां स्थापना दिवस 25 नवंबर को मनाएगा। कार्ययोजना को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से गुरुवार को कुलपति प्रो. जेपी सैनी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें 20 से 25 नवंबर तक स्थापना दिवस सप्ताह के अंतर्गत होने वाले विविध कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा हुई। समारोह के सफल संयोजन के लिए समितियों का गठन किया गया है। केंद्रीय आयोजन समिति का अध्यक्ष प्रो. पूनम टंडन और संयोजक प्रो. ध्रुव सेन सिंह को बनाया गया है। प्रो. सतेंद्र पाल सिंह, प्रो. आनंद विश्वकर्मा, प्रो. विनीत कुमार वर्मा, प्रो. संगीता साहू एवं प्रो. अमिता कन्नौजिया को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। प्रो. अंचल श्रीवास्तव व प्रो. मोनिषा बनर्जी सांस्कृतिक समिति का काम देखेंगी। प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी प्रो. गीतांजलि मिश्रा व प्रो. मुकुल श्रीवास्तव संभालेंगे। स्टेज मैनेजमेंट प्रो. हिमांशु सेन व प्रो. ममता तिवारी की जिम्मे होगी।

DAINIK JAGRAN

सेमेस्टर परीक्षाएं 17 नवंबर से

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक पाठ्यक्रमों की प्रस्तावित सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी जारी कर दी है। ये परीक्षाएं 17 नवंबर से शुरू होंगी। कुछ परीक्षाएं नवंबर के अंत में समाप्त होंगी, जबकि बीए और बी.एससी के सेमेस्टर पांच की परीक्षाएं 19 दिसंबर तक चलेंगी।

बीए नियमित और इम्प्रूवमेंट सेमेस्टर पांच की परीक्षाएं 17 नवंबर से 19 दिसंबर तक होंगी। हालांकि, गणित, सांख्यिकी और मानवविज्ञान विषयों की परीक्षाएं 19 नवंबर से शुरू होंगी। बी.एससी नियमित और इम्प्रूवमेंट सेमेस्टर पांच की परीक्षाएं भी 19 नवंबर से 19 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी। बीए सेमेस्टर तीन की परीक्षाएं 17 नवंबर से शुरू होंगी। गणित और सांख्यिकी को छोड़कर अन्य विषयों की परीक्षाएं 10 दिसंबर तक चलेंगी, गणित और सांख्यिकी की परीक्षाएं 12 दिसंबर तक होंगी।

AMAR UJALA

लविवि के स्थापना दिवस पर दिखेगी 106 वर्षों के इतिहास की झलक

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय का 106वां स्थापना दिवस 25 नवंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके तहत 20 से 25 नवंबर तक शैक्षणिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक कार्यक्रम होंगे। कुलपति प्रो. जेपी सैनी की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को हुई बैठक में आयोजन की रूपरेखा तय की गई और विभिन्न समितियों का गठन किया गया।

विश्वविद्यालय के स्थापना काल से अब तक की प्रमुख घटनाओं, उपलब्धियों और विकास यात्रा को प्रदर्शित करने के लिए विशेष ऐतिहासिक गैलरी बनाई जाएगी। आयोजनों में विश्वविद्यालय के सभी विभागों के साथ इससे संबद्ध पांच जिलों के महाविद्यालय भी भाग लेंगे। विद्यार्थियों को परिसर की ऐतिहासिक इमारतों से परिचित कराने के लिए हेरिटेज वॉक होगी। वहीं, विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों के नवाचार और रचनात्मकता को मंच मिलेगा। लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वावधान में पूर्व और वर्तमान विद्यार्थियों के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच भी होगा।

ऐतिहासिक गैलरी में सजेंगी अब तक की उपलब्धियां और विकास यात्रा

24 को सांस्कृतिक संध्या 25 को सम्मान समारोह

स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर 24 नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इस दौरान विशिष्ट शैक्षणिक योगदानकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। वहीं, 25 नवंबर को मुख्य समारोह में देश-विदेश में विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने वाले प्रतिष्ठित पूर्व विद्यार्थियों को सम्मान मिलेगा। आयोजन समिति की अध्यक्ष प्रो. पूनम टंडन और संयोजक प्रो. ध्रुव सेन सिंह को बनाया गया है। अनुशासन, मंच सज्जा, तकनीकी व्यवस्था, परिसर सजावट, भोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रचार-प्रसार के लिए भी अलग-अलग समितियां गठित की गई हैं।

AMAR UJALA

छात्रवृत्ति सत्यापन के लिए उमड़ी भीड़

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति के लिए बायोमीट्रिक सत्यापन के लिए अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) कार्यालय के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं। सत्यापन प्रक्रिया का जायजा लेने के लिए बुधवार को कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने डीएसडब्ल्यू कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कतार में लगे विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं और प्रक्रिया के संबंध में सुझाव लिए। विद्यार्थियों के बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था कराई। जरूरी दस्तावेज की प्राथमिक जांच की व्यवस्था भी की गई है, ताकि प्रक्रिया में अनावश्यक देरी न हो। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं 17 से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2026 की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। बीए, बीएससी, बीकॉम और बीएससी कृषि के विभिन्न सेमेस्टरों की परीक्षाएं 17 नवंबर से 19 दिसंबर तक होंगी। नियमित और इम्प्रूवमेंट परीक्षाओं की तिथियां, विषय, पेपर कोड और समय का विवरण अलग-अलग परिपत्रों में दिया गया है। बीए तृतीय सेमेस्टर की ज्यादातर परीक्षाएं सुबह 11:30 से दोपहर 1:30 बजे तक होंगी। बीकॉम तृतीय और पंचम सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 से 30 नवंबर के बीच होंगी। वहीं, बीएससी कृषि तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं सुबह 11:30 से दोपहर 1:30 बजे और पंचम सेमेस्टर की परीक्षाएं सुबह 8:30 से 10:30 बजे तक होंगी। परीक्षा का विस्तृत ब्योरा लविवि की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर मौजूद है। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि की वेटलिफ्टिंग टीम के लिए ट्रायल कल

लखनऊ। लविवि की पुरुष और महिला वेटलिफ्टिंग टीम के चयन के लिए शनिवार को केडी सिंह स्टेडियम में सुबह नौ बजे से ट्रायल होंगे। चयनित खिलाड़ी नॉर्थ जोन/ ऑल इंडिया अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में विवि का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों को शुक्रवार शाम पांच बजे तक विवि के क्रीड़ा परिषद कार्यालय में पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण फॉर्म पर कॉलेज के प्राचार्य के हस्ताक्षर और सत्यापन अनिवार्य है। (संवाद)

HINDUSTAN

छात्रवृत्ति सत्यापन को पहुंचे छात्र, कुलपति ने लिया जायजा

निरीक्षण



लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। एलयू के अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में छात्रवृत्ति के बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पहुंच रहे हैं। इसके चलते कार्यालय के बाहर लंबी कतारें लगीं। विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की है।

सत्यापन प्रक्रिया के दौरान कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी ने डीएसडब्ल्यू कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कतार में लगे छात्रों से बातचीत कर समस्याएं भी जानीं।

छात्रों को मिली राहत: लंबे समय तक कतार में खड़े रहने की परेशानी को देखते हुए कार्यालय के बाहर कुर्सियां लगाई गईं। कतारों को व्यवस्थित रखने, आवश्यक दस्तावेजों की प्राथमिक जांच पर भी ध्यान दिया जा रहा है ताकि सत्यापन प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी हो सके। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों से अपील की है कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लाएं और अनुशासन रखते हुए सत्यापन में सहयोग करें।

17 छात्रावासों की सभी 2,948 सीटें आवंटित: विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रावासों की सभी 2,948 स्वीकृत सीटों का आवंटन पूरा कर लिया है। वहीं छात्रावासों में पेयजल की गुणवत्ता की जांच के लिए राज्य स्वास्थ्य संस्थान, अलीगंज, लखनऊ द्वारा किए गए परीक्षण में उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार सभी नमूने पेयजल के लिए उपयुक्त पाए गए हैं।

विषम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया

विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। बीए, बीएससी, बीकॉम और कृषि की परीक्षाएं नवंबर से शुरू होकर दिसंबर तक चलेंगी। बीए तृतीय और पंचम सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 नवंबर से शुरू होंगी। बीए तृतीय सेमेस्टर में राजनीति विज्ञान, रक्षा अध्ययन, लोक प्रशासन, इतिहास, समाजशास्त्र, हिंदी, अंग्रेजी, भूगोल, मनोविज्ञान और अर्थशास्त्र सहित विभिन्न विषय शामिल हैं। बीएससी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं भी 17 नवंबर से शुरू होंगी, जबकि पंचम सेमेस्टर की परीक्षाएं 19 नवंबर से आयोजित की जाएंगी। पूरी जानकारी के लिए वेबसाइट देख सकते हैं।

NBT

एलयू का 106वां स्थापना दिवस 25 को

■ NBT न्यूज, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय अपना 106वां स्थापना दिवस 25 नवंबर को मनाएगा। इस अवसर पर विवि में 20 से 25 नवंबर तक शैक्षणिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक कार्यक्रम होंगे। वीसी प्रो. जेपी सैनी की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

वीसी ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा को दर्शाने के लिए विशेष ऐतिहासिक गैलरी बनाने का प्रस्ताव रखा। स्थापना सप्ताह में पांच जिलों के संबद्ध कॉलेजों की भागीदारी रहेगी। हेरिटेज वॉक, विज्ञान-कला प्रदर्शनी और एलुमनाई बनाम वर्तमान छात्रों के बीच क्रिकेट मैच होगा। 24 नवंबर को पूर्व संध्या और 25 को मुख्य समारोह में विशिष्ट योगदानकर्ता और प्रतिष्ठित एलुमनाई सम्मानित होंगे। आयोजन के लिए केंद्रीय समिति का अध्यक्ष प्रो. पूनम टंडन और संयोजक प्रो. ध्रुव सेन सिंह को बनाया गया है।



I NEXT

एलयू के हॉस्टल की सभी 2,948 सीटें हुईं आवंटित

LUCKNOW: एलयू के 17 छात्रावासों की सभी 2,948 स्वीकृत सीटों का आवंटन पूरा हो गया है. विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, आवंटन प्रक्रिया मेरिट, आरक्षण व्यवस्था और सीटों की उपलब्धता के आधार पर की गई है. कुछ कमरों में मरम्मत कार्य के कारण उनका आवासीय उपयोग नहीं किया जा रहा है. वहीं, सितंबर और अक्टूबर में विभिन्न छात्रावासों के वाटर कूलरों से लिए गए नमूनों पेयजल की गुणवत्ता को लेकर राज्य स्वास्थ्य संस्थान से जांच कराई गई. उपलब्ध जांच रिपोर्टों में सभी नमूने पेयजल के लिए उपयुक्त पाए गए हैं. द्वितीय परिसर की मुख्य पानी की टंकी में जलशोधन यंत्र भी लगाया गया है.

I NEXT

स्नातक की सेमेस्टर परीक्षाएं 17 नवंबर से शुरू

LUCKNOW (29 Oct): लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक पाठ्यक्रमों की प्रस्तावित सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी जारी कर दी है. ये परीक्षाएं 17 नवंबर से शुरू होंगी. कुछ परीक्षाएं नवंबर के अंत में समाप्त होंगी, जबकि बीए और बीएससी के सेमेस्टर पांच की परीक्षाएं 19 दिसंबर तक चलेंगी. बीए नियमित और इम्प्रूवमेंट सेमेस्टर पांच की परीक्षाएं 17 नवंबर से 19 दिसंबर तक होंगी. हालांकि, गणित, सांख्यिकी और मानवविज्ञान विषयों की परीक्षाएं 19 नवंबर से शुरू होंगी. बीएससी नियमित और इम्प्रूवमेंट सेमेस्टर पांच की परीक्षाएं भी 19 नवंबर से 19 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी. बीए सेमेस्टर तीन की परीक्षाएं 17 नवंबर से शुरू होंगी. गणित और सांख्यिकी को छोड़कर अन्य विषयों की परीक्षाएं 10 दिसंबर तक चलेंगी.

AMRIT VICHAR

लविवि की स्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षाएं 17 से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत स्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर-2026 (रेगुलर व इम्प्रूवमेंट) की परीक्षाओं की समय सारिणी जारी कर दी है। जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 17 नवंबर से प्रारंभ होकर दिसंबर माह तक चलेंगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सूचना के तहत बीए, बीएससी, बीकॉम और बीएससी (कृषि) के तीसरे और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा तिथियां घोषित की गई हैं। सभी विषयों की परीक्षाएं दो घंटे की अवधि में अलग-अलग पालियों में आयोजित की जाएंगी। परीक्षा नियंत्रक कार्यालय की ओर से जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि अपरिहार्य या संगठनात्मक कारणों से परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा। छात्र-छात्राओं को सलाह दी गई है कि वे किसी भी प्रकार के नवीनतम अपडेट और परिवर्तन की जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें।

प्रमुख पाठ्यक्रमों की परीक्षा तिथियां व समय

- बीएससी व बीए (गणित/सांख्यिकी) तृतीय सेमेस्टर 17 नवंबर से 12 दिसंबर
- बीए (अन्य विषय) तृतीय सेमेस्टर 17 नवंबर से 10 दिसंबर
- बीए (अन्य विषय) पंचम सेमेस्टर 17 नवंबर से 19 दिसंबर
- बीकॉम (न्यू एवं ओल्ड कोर्स) पंचम सेमेस्टर 18 नवंबर से 30 नवंबर
- बीएससी (ऑनर्स) कृषि तृतीय सेमेस्टर 23 नवंबर से 5 दिसंबर
- बीएससी (ऑनर्स) कृषि पंचम सेमेस्टर 23 नवंबर से 14 दिसंबर

100 वर्षों की विरासत की बनेगी गैलरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय अपना 106वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। जिसमें हेरिटेज वॉक, विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी, क्रिकेट मैच, सांस्कृतिक संध्या व सम्मान समारोह का आयोजन किया जाना है। समारोह अगले माह 20 से 25 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा।

कुलपति प्रो. जेपी सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय किया कि विश्वविद्यालय की समृद्ध विकास यात्रा को दर्शाने के लिए विशेष ''ऐतिहासिक गैलरी'' का निर्माण किया जाएगा। निर्णय लिया गया कि स्थापना दिवस समारोह में पांचों जिलों के सभी महाविद्यालयों की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

20 से 25 नवंबर तक संचालित होने वाले स्थापना दिवस सप्ताह के अंतर्गत विविध शैक्षणिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक एवं खेलकूद कार्यक्रम होंगे। स्थापना दिवस और एलुमनाई मीट का आयोजन भी किया जाएगा।

AMRIT VICHAR

सत्यापन को आए छात्रों को मिली कुर्सियां

लखनऊ, अमृत विचार : लविवि परिसर स्थित अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में छात्रवृत्ति के बायोमेट्रिक सत्यापन का कार्य तेजी से चल रहा है। प्रक्रिया को समय पर पूरा कराने के लिए विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं, जिससे कार्यालय के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं। छात्रों की भारी संख्या और घंटों खड़े रहकर प्रतीक्षा करने की परेशानी को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुर्सियों की व्यवस्था की है। कुलपति ने बायोमेट्रिक सत्यापन की व्यवस्था का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि छात्रों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

HINDUSTAN TIMES

Week-long events from Nov 20 to mark LU's 106th Foundation Day

HT Correspondent
letters@htlive.com

LUCKNOW: Lucknow University will celebrate its 106th Foundation Day on November 25, with a week-long series of academic, cultural and creative programmes scheduled from November 20 to 25.

The roadmap was finalised at a meeting of the organising committee on Thursday.

LU vice-chancellor Prof JP Saini proposed setting up a special 'Historical Gallery' showcasing important events, milestones and achievements from the university's inception till date to preserve its glorious legacy and connect the younger generation.



The Lucknow University campus HT FILE PHOTO

As per the decision, all departments and colleges affiliated to the university in five districts will organise activities during the Foundation Week.

Key events include a heritage walk to acquaint students with historic buildings and rich heritage of the campus, a science and art exhibition with participation of university departments and affiliated colleges to showcase innovation and creativity.

A friendly cricket match between alumni and current students will also be organised by Lucknow University Athletic Association.

'LU hostels fully occupied, drinking water tested safe'

LUCKNOW: Lucknow University on Thursday announced that all 2,948 approved seats across its 17 hostels have been allotted and that water samples from hostels have been found fit for drinking in tests conducted by a government laboratory.

According to the administration, the entire hostel allotment process is conducted on the basis of prescribed rules, merit, reservation system and availability of seats. Some rooms have not been used due to necessary maintenance and repair work, keeping students' safety in mind.

On drinking water quality, the administration said that a chemical analysis of water samples from all hostels of the main campus was done by the State Health Institute, Aliganj, Lucknow. HTC

एलयू का स्थापना दिवस 25 नवंबर को

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय अपना 106वां स्थापना दिवस 25 नवंबर 2026 को भव्यता के साथ मनाएगा। इस अवसर पर 20 से 25 नवंबर तक शैक्षणिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक और खेलकूद सबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समारोह की तैयारियों को लेकर कुलपति प्रो. जे. पी. सैनी की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक हुई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की गई और विभिन्न समितियों का गठन किया गया।

एलयू में प्रथम सेमेस्टर प्रैक्टिकल की तिथि घोषित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग ने एम.एससी. जंतु विज्ञान प्रथम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा-2026 की तिथियां घोषित कर दी हैं। विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार, प्रायोगिक परीक्षा दो दिसंबर और पांच दिसंबर 2026 को आयोजित की जाएगी। विधि प्रशासन की ओर से जारी आदेशानुसार, प्रैक्टिकल 'ए' की परीक्षा दो दिसंबर, बुधवार को तथा प्रैक्टिकल 'बी' की परीक्षा पांच दिसंबर, शनिवार को होगी।

लविवि की वेटलिफ्टिंग टीम के लिए ट्रायल कल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की पुरुष और महिला वेटलिफ्टिंग टीम के गठन के लिए शनिवार को चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सुबह नौ बजे से चयन प्रक्रिया शुरू होगी। ट्रायल के आधार पर चयनित खिलाड़ी सत्र 2026-27 की नॉर्थ जोन और अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में एलयू का प्रतिनिधित्व करेंगे।